हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 13 जून 2025

तापमान
अधिकतम 47.3 डिग्री
न्यूनतम 27.4 डिग्री

12 करोड़ों खर्च होने के बावजूद भी प्यासा रह...



12 ऑवर्स हॉस्पिटल ने गांव शाहपुर में लगाया...



## खबर संक्षेप

### कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेश भर की खापें करेंगी आंदोलन

**नारनौंद।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में जायज मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों पर एचएयू प्रशासन द्वारा जो हमला किया गया है वह बड़ा निंदनीय है। अगर सरकार ने सभी दोषी कर्मचारियों पर ठोस कार्रवाई नहीं की तो प्रदेश भर की खापें एकजुट होकर छात्रों के धरने को समर्थन देंगी। रोधी खाप के प्रधान सुमेर डाटा ने बताया कि हकृवि में छात्र अपनी स्कॉलरशिप की जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्वक तरीके से धरना दे रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यूनिवर्सिटी के कुलपति के इशारे पर यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों ने छात्रों पर जानलेवा हमला करके उनको मारने की कोशिश की है। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

### फिरौती मांगने के दो ओर आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने विदेश से कॉल करवाकर फिरोती मांगने के मामले में 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान सुल्तानपुर निवासी राहुल व जींद जिले के गांव दरिया वाला सचिन के रूप में है। पुलिस के जानकारी अनुसार पकड़े गए दोनों आरोपियों ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर 31 मई को रात करीब 9:30 पर शराब ठेकेदार सुल्तानपुर निवासी पवन उर्फ धोलु के मोबाइल फोन पर विदेश से कॉल करवा कर ठेके का फार्म न भरने व फार्म भरने पर प्रति व्यक्ति 50-50 हजार रुपये देने की मांग की थी। सीआईए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपियों से पूछताछ की जाएगी।

## एचएयू : विद्यार्थियों का धरना जारी, विवि प्रशासन ने की बातचीत की अपील, छात्रों ने ठुकराई

# बोले छात्र, जब तक लाठीचार्ज करने वालों पर कार्रवाई नहीं होती तब तक किसी मुद्दे पर नहीं होगी बातचीत

### कांग्रेस, इनेलो व भाजपा के नेता धरने पर पहुंचे, कांग्रेस व इनेलो ने एचएयू को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन व विद्यार्थियों के बीच उपजा तनाव यथावत जारी है। विद्यार्थियों का धरना गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा, वहीं घायल छात्र अभी नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन है। आरोप है कि घायल छात्रों की हालत ठीक नहीं होने के बावजूद नागरिक अस्पताल प्रशासन उन्हें डिस्चार्ज कर रहा है, लेकिन छात्र डिस्चार्ज नहीं ले रहे। उधर, गुरुवार को छात्रों की परीक्षा थी, लेकिन वर्तमान हालत को देखते इसे स्थगित कर दिया। शुक्रवार को फिर परीक्षा है। इसके लेकर भी संशय की स्थिति बनी हुई है। परीक्षा 20 जून तक चलनी है। गुरुवार को विवि प्रशासन की तरफ से कृषि कॉलेज के डीन डॉ. एसके पाहुजा के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल धरनास्थल पर आंदोलनकारी छात्रों से मिलने पहुंचा और उन्हें बातचीत करने का न्योता दिया। छात्रों ने एक सुर में कहा कि लाठीचार्ज करने वालों पर कार्रवाई नहीं होती तब तक किसी मुद्दे पर कोई बातचीत नहीं होगी। शिष्टमंडल में शामिल सदस्यों ने कहा कि आप हमारे बच्चे हैं, हम नहीं चाहते बच्चों को नुकसान हो, इसी को ध्यान में रखते हुए आज की परीक्षा पर स्थगित कर दी। इस पर छात्रों ने कहा कि एक तरफ तो आप हमें अपना बच्चा बता रहे हैं, दूसरी तरफ बच्चों को सिर फुड़वाते हैं। विद्यार्थियों ने अस्पताल में उपचाराधीन छात्रों से कुलपति द्वारा हालचाल नहीं जानने पर भी बेहद नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिसने हमारा सिर फोड़ा वे एएसी में बैठे हैं, और हम न्याय के लिए धूप में संघर्ष कर रहे हैं। इसके बाद विद्यार्थियों ने विवि प्रशासन की बातचीत की अपील को ठुकरा दिया। दूसरी तरफ विभिन्न राजनीतिक दलों व संगठनों नेता भी धरनास्थल पर समर्थन देने पहुंचे और लाठीचार्ज को गलत बताया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा लगातार धरनास्थल पर पहुंचने के चलते यह धरना राजनीतिक रंग भी लेने लगा है।



**हिसार।** एचएयू के बाहर धरने पर बैठे छात्र। *फोटो : हरिभूमि*

**जो भी गलती हुई, जिससे भी हुई, उस हिसाब से इंक्वायरी करवाकर उसकी गलत तत्वों को सजा भी मिलेगी: डीन**



**हिसार।** छात्रों से बातचीत की अपील करने आए डॉ. एसके पाहुजा।

### विधायक पनिहार ने दिया आश्वासन

नलवा से भाजपा विधायक रणधीर पनिहार भी घायल छात्रों से मिलने अस्पताल में पहुंचे। इसके बाद धरनारत छात्रों से मिले और उनकी मांगें व समस्या जानीं। उन्होंने कहा कि जल्द ही हरियाणा सरकार को पूरे घटनाक्रम बारे अवगत करवाकर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### एचएयू प्रशासन ने की बातचीत की अपील

एचएयू के कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने एक वीडियो जारी कर छात्रों से बातचीत करने की अपील की है, ताकि उनकी मांगों का पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान बातचीत से ही निकलता है और प्रशासन छात्रों से बातचीत को तैयार है। ऐसे में छात्रों को बातचीत के लिए टेबल पर आना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी में आजकल परिस्थितियां थोड़ी ठीक नहीं चल रही। जो कुछ भी (लाठीचार्ज) चीजें हुई, गलत हुई, हम उसकी निंदा भी करते हैं। नैतिक जिम्मेदारी के तौर पर हम उनको अपने बच्चों की तरह ट्रीट करते हैं और वो हमारे ही बच्चे हैं। कुलपति के निर्देशानुसार हम अस्पताल में घायल बच्चों से मिल भी रहे हैं। ऊपर-नीचे हो भी हो जाती है बात। जो भी गलती हुई, जिससे भी हुई, उस हिसाब से इंक्वायरी करवाकर उसकी उन गलत तत्वों को सजा भी मिलेगी।

### छात्रों से की ज्यादती

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने हरियाणा कृषि विवि के छात्रों के धरने पर पहुंचकर अपना समर्थन देते हुए हकृवि के छात्रों पर लाठीचार्ज करने की कड़े शब्दों में निन्दा की। उन्होंने कहा कि सरकार ने छात्रवृत्ति में कटौती करके छात्रों के साथ ज्यादती की है। विद्यार्थी अपनी मांगों को कुलपति तक पहुंचना चाहते थे उन्हे बेरहमी डंडों से पीटना सरासर गलत है।

### बातचीत के बिना कैसे निकलेगा हल

अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि जब तक दोनों पक्ष (छात्र और यूनिवर्सिटी प्रशासन) टेबल पर बैठकर बातचीत नहीं करेंगे, तब तक इसका हल नहीं निकलेगा। हम छात्रों से बार-बार अपील करते हैं आपके जो भी छात्र प्रतिनिधिमंडल में शामिल है, वो हमारे साथ बैठकर चर्चा तो करें, बात तो करें कि इस तरह से समाधान निकल सकता है। कम से कम हमारे समक्ष डिमांड तो रखें, उस पर यूनिवर्सिटी प्रशासन अपनी बात रखेगा। बैठना तो पड़ेगा, तभी समाधान निकल सकता है, हमारा यही निवेदन हैं।

### ये है विद्यार्थियों की मांग

धरने पर बैठे विद्यार्थियों की मांग है कि रजिस्ट्रार, प्रोफेसर और सिक्योरिटी इंचार्ज सहित सभी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्हें निलंबित किया जाए और पुलिस उनको गिरफ्तार करे। छात्रों का कहना है कि यूनिवर्सिटी मामले में कार्रवाई के लिए 15 दिन का समय मांग रही है। जांच में इतना समय क्यों, इसके बाद यूनिवर्सिटी की छुट्टियां हो जाएगी और मामले को दबा दिया जाएगा।

### कांग्रेस सांसद व विधायक पहुंचे धरने पर

सिरसा से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा, उकलाना से विधायक नरेश सेलवाल व आदमपुर विधायक चन्द्रप्रकाश धरनास्थल पर पहुंचे और छात्रों से बातचीत करते हुए उनकी मांग का समर्थन किया। उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया कि वह उनके साथ हैं और उनकी मांग को विधानसभा में उठाएंगे।

### इनेलो ने किया समर्थन

इनेलो छात्र विंग से आईएसओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रानियां विधायक अर्जुन चौटाला व इनेलो के राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद सिंह लोहान ने छात्रों का समर्थन किया है। दोनों नेताओं ने उनके आंदोलन में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया और लाठीचार्ज की घटना को गलत बताया।

### यह था पूरा मामला

स्कॉलरशिप में कटौती के विरोध में मंगलवार को हकृवि के छात्र कुलपति से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान छात्रों कुलपति कार्यालय के बाहर बैठने लगे तो वहां तैनात विवि के सिक्योरिटी गार्डस ने उन्होंने उठाना शुरू कर दिया। इसका एक वीडियो भी वारयल हुआ, जिसमें सुरक्षा कर्मी छात्रों को दौड़ा दौड़ाकर पीटते नजर आए। इस मसले को लेकर मंगलवार देर रात छात्रों और हकृवि के सुरक्षा कर्मियों के बीच फिर से झड़प हो गई। आरोप है कि विवि के सुरक्षा कर्मियों ने छात्रों पर लाठीचार्ज कर दिया । लाठीचार्ज का आरोप एचएयू के रजिस्ट्रार, चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर, प्रोफेसर व सिक्योरिटी गार्डों पर लगा है। घायल लगभग डेढ़ दर्जन छात्रों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। किसी छात्र का सिर फूट गया तो किसी को हाथ व पीठ पर चोटें लगी हैं। ज्यादातर छात्रों को सिर पर चोटें लगी। इस मामले में पुलिस ने झज्जर जिले के भागलपुरी निवासी छात्र दीपांशु की शिकायत पर रजिस्ट्रार पवन कुमार, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, प्रोफेसर राधेश्याम मांझू के अलावा सुरक्षा गार्ड विजेन्द्र, अनूप, जगमेश पूनिया, नरेन्द्र व सुमन के खिलाफ यह केस दर्ज किया है।

## अग्रसेन मार्केट में शराब ठेका खुलने का किया विरोध

- महाराजा अग्रसेन मार्केट एसोसिएशन व छात्राओं ने ठेके के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

महाराजा अग्रसेन मार्केट एसोसिएशन ने खुल रहे शराब के ठेके को हटवाने के लिए गुरुवार को मार्केट में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया है। इस दौरान शराब ठेके के सामने श्री गुरु जंभेश्वर पुस्तकालय की छात्राएं भी धरने में शामिल हुई और ठेके को लेकर अपना विरोध जताया। उन्होंने मांग उठाई कि सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे नारे दे रही है और दूसरी तरफ पुस्तकालयों के सामने इस तरह शराब का ठेका खुलवा रही है।

धरने पर बैठे दुकानदारों ने बताया कि करीब 25 साल पहले यहां इसी मार्केट में एक शराब का ठेका खुला था जो स्थानीय लोगों के विरोध प्रदर्शित करने पर उठा लिया गया था। धरना स्थल पर पहुंचे किसान नेता दलजीत सिंह पंघाल ने कहा कि उनका ठेकेदारों से कोई निजी विरोध नहीं है। यह ठेका खोलने का स्थान गलत है। सरकार इसे तुरंत दूसरी जगह शिफ्ट करे। महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर हर रोज माल्यार्पण करने वाले राजकुमार सिंगला ने ठेके का विरोध जताया। मार्केट के प्रधान श्रीराम राजलीवाला ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के बिल्कुल पास ठेका खोलना अग्रवाल समाज की भावनाओं को भारी ठेस पहुंचाने जैसा है। यह ठेका इस मार्केट में आने वाली छात्राओं की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है। इस अवसर पर धरना स्थल पर अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के वरिष्ठ उपप्रधान सुभाष देहडू, बिश्नोई सभा हिसार के अध्यक्ष जगदीश चंद्र कड़वासरा, ओमप्रकाश ज्याणी आदि रहे।



**हिसार।** ठेके के विरोध में धरना देते दुकानदार व छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

### कच्ची शराब व लाहन सहित एक दबोचा

**नारनौंद।** थाना नारनौंद पुलिस ने देशी शराब बनाने वाली भट्ठी सहित एक युवक को 50 लीटर लाहन व 5 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब सहित पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपित युवक की पहचान बलजीत निवासी राजथल के रूप में हुई हैं। पुलिस को गुप्त सुचना मिली की गांव राजथल में एक युवक कच्ची शराब तैयार करने की भट्टी लगाकर अवैध देशी शराब तैयार कर रहा है।

## अवैध शराब की 160 पेटी के साथ एक दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

एएनसी स्टाफ हांसी पुलिस ने 180 पेटी अवैध शराब के साथ गढ़ी निवासी शमशेर उर्फ रामेश्वर को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार एएनसी पुलिस को गश्त पड़ताल के दौरान सूचना मिली थी हांसी से रामपुरा गांव की ओर एक गाड़ी में सवार एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर जा रहा। सूचना के आधार पर एएनसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोकुल धाम सोसायटी के नजदीक नाकाबंदी कर सूचना अनुसार पिकअप गाड़ी को रुकवाकर चैक किया तो गाड़ी के अन्दर से 130 पेटी देशी शराब, 15 पेटी अग्रेंजी शराब व 15 पेटी बीयर बरामद हुई। शराब के साथ पकड़े गए व्यक्ति को शराब बारे में पुछा गया तो वह पुलिस टीम के समक्ष कोई बिल व परमिट पेश नहीं कर सका। पुलिस ने अवैध शराब के साथ व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसके के खिलाफ सदर थाना में शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गाड़ी व अवैध शराब को पुलिस ने कब्जे में ले लिया।



## खाद्य एवं आपूर्ति विभाग व पुलिस की टीम ने अवैध रूप से मांस बेचने वाली दुकानों पर की रेड

- बिना अनुमति चल रही मीट की दुकानों को बंद करने के दिए निर्देश
- एक दुकानदार के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग व शहर थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर सदानंद की संयुक्त टीम ने गुरुवार को शहर का दौरा कर मांस बेचने वाली दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिना अनुमति के चल रही मीट की दुकानों को बंद करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी डॉ पवन चहल ने कहा कि शहर में बगैर अनुमति के दुकान खोलकर मांस बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान निरीक्षण कर रही संयुक्त टीम द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत तिकोना पार्क क्षेत्र में चल रही एक बिना लाइसेंस की मीट की दुकान के विरुद्ध कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान दुकान संचालक के पास कोई वैध खाद्य व्यापार लाइसेंस नहीं मिला तथा दुकान में स्वच्छता के मानकों का भी उल्लंघन किया जा रहा था। जिसके बाद खाद्य सुरक्षा एवं आपूर्ति अधिकारी डॉ पवन चहल ने मौके पर ही दुकानदार को नोटिस जारी करते हुए दुकान को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया। इस दौरान शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद मौके पर मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया और लोगों को नियमों की जानकारी भी दी।

इस अवसर पर खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी डॉ पवन चहल ने व्यापारियों से अपील की है कि वे वैध लाइसेंस प्राप्त कर ही खाद्य सामग्री को बेचने का कारोबार करें और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत निर्धारित सभी नियमों का पालन करें। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**हांसी।** कार्रवाई करते खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी डॉ. पवन चहल उनके साथ हैं शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद वत्स।





चाइल्ड आर्टिस्ट्स

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है। बच्चों के लिए उसके पापा किसी सुपर हीरो से कम नहीं होते। फादर्स-डे के मौके पर कुछ टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स बता रहे हैं कि किन खूबियों की वजह से वे अपने पापा को दुनिया का बेस्ट पापा मानते हैं। साथ ही ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं कि इस बार फादर्स-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे।

# माय पापा इज द बेस्ट

## पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूड: आर्यन प्रजापति





**आर्यन प्रजापति** एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक का रोल प्ले कर रहा है, जो दर्शकों को खूब भा रहा है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, हंसते हुए बताता है, 'मैं एक कार्ड बना रहा हूं, जिसमें मैं पापा के लिए अपनी फीलिंग्स लिखूंगा। साथ ही मैं उनका फेवरेट केक भी लाऊंगा। हम सब मिलकर घर पर छोटा सा सेलिब्रेशन करेंगे। पापा को क्रिकेट बहुत पसंद है, तो मैंने सोचा है कि हम दोनों मिलकर पास के मैदान में क्रिकेट खेल कर थोड़ा टाइम स्पेंड करेंगे। इस फादर्स-डे मैं अपने पापा को यह जताना चाहता हूं कि वो मेरे लिए बहुत स्पेशल हैं।' पापा की वो बात जो आर्यन के लिए जिंदगी भर के लिए सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा अकसर कहते हैं कि जब हम अपना काम पूरी मेहनत, ईमानदारी से करते हैं तो सफलता निश्चित ही मिलती है।' आर्यन के लिए उसके पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूड। चाहे कितनी भी बड़ी टेंशन हो, वो हमेशा शांत रहते हैं। बहुत ही सुलझे तरीके से सिचुएशन को हैंडल करते हैं। वो ना सिर्फ एक अच्छे पापा हैं, मेरे बेस्ट फ्रेंड और मेंटर भी हैं। मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा बहुत हार्डवर्किंग हैं आरिया सकारिया



**सोनी सब** के शो 'तेनाली रामा' में लछमा का रोल कर रही आरिया सकारिया फादर्स-डे को लेकर काफी उत्साहित है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, आरिया बताती है, 'इस दिन मैं अपने पापा को लेकर बाहर घूमने जाऊंगी। हम बाहर ही ब्रेकफास्ट करेंगे, शॉपिंग करेंगे और मूवी देखेंगे।' पापा की कोई ऐसी बात, जो आरिया के लिए जिंदगी भर का एक सबक बन गई हो, यह पूछने पर वह बताती है, 'मेरे डैड ने मुझे सिखाया है कि लाइफ में कोई भी प्रॉब्लम आ जाए, कभी हार मत मानना, क्योंकि कोई भी ऐसी प्रॉब्लम नहीं है, जिसका सॉल्यूशन न हो। पापा की यह बात मेरी जिंदगी का बहुत बड़ा सबक है, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी।' आरिया की नजर में उसके पापा की वह क्वालिटी, जो उन्हें बेस्ट पापा बनाती है, वह बताती है, 'मेरे डैड की सबसे अच्छी क्वालिटी यह है कि वो मेरी मॉम की बहुत रेस्पेक्ट करते हैं। वह हर काम में मां की हेल्प करते हैं। मेरे पापा बहुत हार्ड वर्किंग हैं। चाहे जितना भी थक गए हों, वो हमारे साथ जरूर टाइम स्पेंड करते हैं! इन्हीं वजहों से मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा ने दी है सीख कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए : अहनाफ खत्री





**जी टीवी** के शो 'कुमकुम भाग्य' में कीर्तन की भूमिका निभा रहा अहनाफ खत्री के लिए उसके पापा उसकी लाइफ में सबसे इंपॉर्टेंट हैं। वह कहता है, 'मुझे अपने पापा से बहुत प्यार है, वो मेरे लिए खुद से भी ज्यादा इंपॉर्टेंट हैं।' अहनाफ ने इस बार फादर्स-डे पर क्या कुछ खास प्लान कर रखा है, वह बताता है,'अबकी में फादर्स-डे बहुत स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट करूंगा। मैं अपने पापा के साथ घूमने जाऊंगा। हमारे साथ कोई और नहीं होगा, सिर्फ मैं और मेरे पापा होंगे। मेरे पापा को नाइनटीज के गाने बहुत पसंद हैं। इसलिए मैंने पापा के लिए एक स्पीकर मंगवा लिया है। यह फादर्स-डे पर मेरी तरफ से पापा के लिए सरप्राइज गिफ्ट होगा।' अहनाफ से यह पूछने पर कि वह अपने पापा की कोई ऐसी क्वालिटी बताए, जो उन्हें वर्ल्ड का बेस्ट पापा बनाती है, वह तुरंत जवाब देता है, 'कोई एक क्वालिटी नहीं, पापा की सारी क्वालिटीज उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं।' अहनाफ के लिए पापा की बताई कौन-सी बात उसके लिए बहुत बड़ा सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा मुझसे हमेशा कहते हैं- 'ट्राय ट्राय टिल यू सक्सीड और कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए। मुझे उनकी ये बात हमेशा याद रहेगी।' *

## वह मेरे आइडियल, मेरे बेस्ट फ्रेंड हैं: उर्वा सावलिया





**उर्वा सावलिया** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के पीरियड ड्रामा 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में पृथ्वीराज चौहान के बचपन का रोल निभा रहा है। उर्वा से जब इस बार फादर्स डे पर क्या प्लानिंग है, इस सवाल पर वह जवाब देता है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैंने अपनी मम्मी के साथ मिलकर अपने पापा के लिए एक खास सरप्राइज प्लान किया है, लेकिन इसे अभी बताऊंगा नहीं, बता दिया तो सरप्राइज कैसा!' उर्वा अपने पापा की वो क्वालिटीज बताता है, जो उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा हमेशा से मेरे लिए हीरो रहे हैं। उनके मार्गदर्शन ने मुझे हर मुश्किल घड़ी में रास्ता दिखाया और एक ताकत दी है। मेरे पापा ना सिर्फ मेरे आइडियल हैं, बल्कि मेरे बेस्ट फ्रेंड भी हैं। मुझे उनकी सादगी सबसे ज्यादा पसंद है। उसी सादगी और संयम को मैं भी अपनाना चाहता हूं। मेरे पापा मेरे लिए एक पावर हाउस की तरह हैं।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

फीलिंग्स / मोनिका शर्मा


# पापा को दो प्यार भरा सरप्राइज

बच्चो, हर साल की तरह इस बार भी तुमने जरूर फादर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग की होगी। इस प्लानिंग के साथ तुम कुछ अलग तरीके से फादर्स-डे सेलिब्रेट कर अपने लविंग पापा को सरप्राइज कर सकते हो। कैसे, जानो।




बच्चो, तुम्हारे हर स्पेशल दिन पर सरप्राइज देने वाले पापा को फादर्स-डे पर तुम भी सरप्राइज दे सकते हो। पापा के दिल को छू जाने वाला कुछ करके, तुमको भी बहुत खुशी मिलेगी। पापा के लिए तो यह सदा के लिए एक यादगार दिन बन जाएगा। इस बार फादर्स-डे पर पापा को हैप्पी और डिलाइटफुल, आश्चर्य में डालने वाले प्यारे काम करना ना भूलना।

**प्यारा वीडियो मैसेज:** पापा तुमको सुपरहीरो लगते हैं या लविंग-केयरिंग डैडी। साथ मस्ती करने वाले दोस्त जैसे लगते हैं या सलाह देने वाले गाइड। रोल मॉडल हैं या सहज प्यारे से पर्सन। वीडियो में खुलकर हंसते-मुस्कुराते हुए अपने पापा के लिए सब कुछ कह डालो। फादर्स-डे के खास दिन पर विश करते हुए अपने मन की बातें कहने वाला वीडियो पापा को सचमुच स्पेशल फील करवाएगा। अपनी सी बातों को समेटते हुए यूनीक सा वीडियो मैसेज बनाने का आइडिया कमाल कर जाएगा। फादर्स-डे को अलग अंदाज में सेलिब्रेट करने का अंदाज पापा को खूब खुशी देगा।



**लिखो दिल छूने वाला पत्र:** पेंसिल पकड़ने से लेकर अच्छे से पढ़ने-लिखने तक, तुम्हारी सीखने-समझने की जर्नी का हर दिन पापा के लिए भी बहुत खास होता है। इसीलिए तुम्हारी अपनी हैंडराइटिंग में लिखे लेटर का हर अक्षर पापा के लिए अनमोल होगा। साथ ही तुम्हारी लिखी बातें सदा के लिए एक सहेजने वाला गिफ्ट बन जाएंगी। इस बार डैडी के लिए प्यार, रेस्पेक्ट और प्यारी-प्यारी मेमोरीज को पत्र में लिख डालो। अपने लिखे पत्र में इमोशंस को प्रेजेंट करने के लिए इमोजी भी बनाओ। चुपचाप पापा की अलमारी या तकिए के नीचे अपना पत्र रख दो। इस तरह लिखी गई बातों को पढ़ कर पापा के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी।

**आर्टिस्टिक एक्सप्रेशन:** तुम्हारे रंग-बिरंगे चित्र और आड़ी-तिरछी रेखाएं पापा को खूब भाती हैं। इस बार अपने हाथ से सुंदर सा फादर्स-डे कार्ड, पेंटिंग या एक आर्टिस्टिक पीस बनाकर पापा को देना मत भूलना। अपने बनाए आर्ट पीस को सुंदर स्टिकर से सजाकर प्यारा सा मैसेज भी दे सकते हो। कार्ड पर अपने हाथ से बनाई सिंपल पेंटिंग भी बना सकते हो। कोई भी आर्टवर्क डैडी के लिए एक परफेक्ट होममेड गिफ्ट होगा, अफेक्शन से भरा अट्रैक्टिव उपहार। बच्चो, पापा ऐसी बातों को खुलकर बताते नहीं हैं पर तुम्हारा बनाया आर्ट-क्राफ्ट पापा के लिए प्यार जताने का सबसे सुंदर तरीका है। इसे जब भी पापा देखेंगे, उनके चेहरे पर स्माइल आ जाएगी। *

## जीके क्विज-157

1. हाल ही में चर्चा में रहे डी. गुकेश का संबंध किस खेल से है?
2. 51वां जी 7 शिखर सम्मेलन किस देश में आयोजित किया जाएगा?
3. संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र का अध्यक्ष किसे चुना गया है?
4. स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
5. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
6. सर्वप्रथम किस विदेशी यात्री ने भारत की यात्रा की थी?
7. कनाडा की राजधानी कहां है?
8. रतौंधी रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
9. विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है?
10. मानव शरीर का कौन-सा अंग खून साफ करने का काम करता है?



बच्चो, जीके क्विज-157 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-156 का उत्तर:** 1.ओपल सुचाता चुआंगसरी, 2.रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 3.शुभमन गिल, 4.वी. एस. रामादेवी, 5. 21 जून, 6.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 7.गोवा, 8.जापान, 9.वेलिंगटन, 10.क्लोरोफ्लोरोकार्बन

**जीके क्विज-156 का सही उत्तर देने वाले:** निलेश-जांजगीर, मुकेश-बिलासपुर, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, आशीष-भोपाल

## हंसगुल्ले

**पापा:** लड़के को अंग्रेजी में 'ही' कहते हैं, तो कई लड़कों को अंग्रेजी में क्या कहेंगे?
**सोनू (कुछ देर सोचने के बाद):** पापा, जितने लड़के होंगे, उतने 'ही ही ही ' कहेंगे।
-गोपी, बिलासपुर

एक यात्री रेलगाड़ी से उतरा। उसने स्टेशन पर खड़े रिंकू से पूछा: यह कौन-सा स्टेशन है?
**रिंकू:** अंकल, यह रेलवे स्टेशन है।
राशि, रायपुर




चुन्नू बर्फ का टुकड़ा उठा कर उसे घूरे जा रहा था...
**पापा ने पूछा:** क्या देख रहे हो?
**चुन्नू:** देख रहा हूं कि यह लीक कहां से हो रहा है?
-कोकिला, रोहतक

कहानी
हरीश कुमार 'अमित'



# कितने अच्छे पापा!

विपुल को यही लग रहा था कि सोसाइटी में होने वाले शतरंज का फाइनल मैच हार जाएगा, जबकि वह कई बार फाइनल मैच जीत कर शतरंज बालश्री का पुरस्कार पा चुका था। इधर दो बार से वह फाइनल मैच में हार जा रहा था। लेकिन पापा ने उसकी जीत के लिए उसका आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश की। क्या इसके बाद विपुल फाइनल मैच में विजयी हुआ?



शनिवार की सुबह थी। विपुल बहुत बेचैन था। उसकी बेचैनी का कारण जून महीने की गर्मी नहीं थी। वह इसलिए बेचैन था, क्योंकि अगले दिन इतवार को उसका शतरंज का फाइनल मैच था। उसे डर लग रहा था कि कहीं पिछली दो बार की तरह इस बार भी वह फाइनल मैच में हार न जाए।

विपुल जिस हाउसिंग सोसाइटी में रहता है, उसमें बहुत सारे फ्लैट हैं। उस सोसाइटी में हर वर्ष जून और दिसंबर की स्कूल की छुट्टियों में बच्चों के लिए खेल-कूद की अनेक प्रतियोगिताएं होती हैं। विपुल शतरंज की प्रतियोगिता में भाग लेता है। वह फाइनल में जीतकर शतरंज बालश्री का पुरस्कार कई बार पा चुका है। लेकिन पिछले साल जून और दिसंबर में हुई शतरंज प्रतियोगिता में जीतते-जीतते वह फाइनल तक तो पहुंच गया था, पर फाइनल मैच में हार गया था। इसलिए उसे डर सता रहा था कि वह कहीं इस बार भी हार न जाए। वह इसी सोच में गुमसुम-सा बैठा था। तभी विपुल के पापा उसके पास आए और बोले,'बेटा, आज तो मेरे ऑफिस की छुट्टी है। चलो, शतरंज खेलते हैं।'

विपुल के पापा शतरंज के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने शतरंज की कई बड़ी प्रतियोगिताओं में बहुत से पुरस्कार जीते हैं। विपुल आज तक पापा से शतरंज में जीत नहीं पाया है। पापा के साथ खेलते हुए उसे लग रहा था कि वह आज भी हार जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कुछ देर बाद वह जीत गया और पापा हार गए।

विपुल की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था, क्योंकि वह पहली बार पापा से जीता था। तभी पापा बोले, 'आओ, एक बाजी और खेलते हैं।' इस बार तो विपुल को पूरी उम्मीद थी कि वह हार जाएगा, लेकिन इस बार भी वह जीत गया। उस दिन शाम तक विपुल ने पापा के साथ शतरंज की आठ बाजियां खेलीं और सभी में वह जीत गया। यह देख पापा विपुल से बोले, 'बेटा, अगर तुम मुझे हरा सकते हो तो फिर कल के मैच में एक बच्चे को क्यों नहीं हरा सकते?'

विपुल को अब अपने आप पर विश्वास हुआ कि वह कल का मैच जीत सकता है।

अगले दिन जब शतरंज का फाइनल मैच शुरू हुआ तो विपुल के पापा भी मैच देखने गए। पापा को अपने आस-पास पाकर विपुल पूरे आत्मविश्वास से खेलने लगा और दूसरे बच्चे को हराकर जीत भी गया। दोपहर बाद प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित हुए और विपुल को शतरंज बालश्री पुरस्कार प्रदान किया गया। घर आते हुए खुशी के मारे उसके पांव जमीन पर नहीं पड़ रहे थे।

शाम को पापा को बस से भोपाल के लिए निकलना था। लगभग बारह घंटे की बस यात्रा थी। अगले दिन सुबह से वहां उनकी एक हफ्ते की सरकारी ट्रेनिंग थी। खाना खाते हुए विपुल ने पूछा, 'पापा, आप वापस कब आएंगे?'

'इतवार सुबह की राजधानी ट्रेन से आऊंगा। इस ट्रेन में तो सात घंटे ही लगेंगे। दोपहर बाद तक घर पहुंच जाऊंगा।' पापा ने जवाब दिया। यह सुनकर विपुल बोला,'पापा, आप राजधानी से वापस आएंगे तो फिर राजधानी से ही क्यों नहीं गए? बस से तो टाइम भी ज्यादा लगेगा और बस में गर्मी और भीड़-भाड़ भी होगी। आप ठीक तरह से सो भी नहीं पाएंगे। कल सुबह भोपाल पहुंचेंगे तो बिना आराम किए आपको ट्रेनिंग के लिए जाना होगा।'

'हां, यह तो है।' पापा बहुत आहिस्ता से बोले।

'पापा, आप आज दिन में राजधानी से जाते तो आराम से एसी ट्रेन का सफर करते और रात को ठीक तरह से सो भी पाते।' विपुल की इस बात का पापा ने कोई जवाब नहीं दिया और चुपचाप खाना खाते रहे।

तभी मम्मी बोलीं, 'बेटा, तुम्हारे पापा आज सुबह इसलिए ट्रेन से नहीं गए ताकि वे मैच जीतने के लिए तुम्हारा हौसला बढ़ा सकें।'

यह सुनकर विपुल बहुत भावुक हो उठा, बोला, 'पापा, आप मेरे लिए इतना कष्ट सहकर जाएंगे भोपाल, जबकि आप बड़े आराम से ट्रेन से जा सकते थे।' मम्मी फिर बोलीं, 'और यह जो कल तुमने अपने पापा को आठ बार हराया है न, यह भी कोई अपने-आप नहीं हो गया। तुम्हारे पापा शतरंज के इतने अच्छे खिलाड़ी हैं कि बड़े-बड़े खिलाड़ी इनसे नहीं जीत पाते, लेकिन तुम इनसे कैसे जीत गए, वह भी एक ही दिन में लगातार आठ बार! सोचा क्या तुमने?'

मम्मी की बात सुनकर विपुल सोच में पड़ गया। मम्मी आगे बोलीं, 'बेटा, यह भी तुम्हारे पापा की ही सोची-समझी तरकीब थी। ये जानबूझकर तुम से आठ बार हारे थे ताकि तुम्हारा आत्मविश्वास लौट आए और तुम आज का फाइनल मैच जीत सको।'

मम्मी की बात सुनकर विपुल उठा और पापा के गले लगकर बोला, 'पापा, आप कितने अच्छे हैं..!'

पापा भी प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरने लगे। *

कविता / देवी प्रसाद गौड़



# मेरे फौजी पापा

सदा फूल से खिलते पापा,
हंसते-हंसते घर में आते।
कहां छुपी है परी हमारी,
सबसे पहले मुझे बुलाते।।
जब भी पापा घर में आते,
तरह-तरह की टॉफी लाते।
मधुर मंद मुस्काते जाते,
एक-एक कर मुझे दिखाते।।
टॉफी देख पंख लग जाते,
मैं घर में उड़ने लग जाती।
पापा के कंधे पर बैठी,
भैया से लड़ने लग जाती।।
सर चढ़ी लाड़ली पापा की,
मां, मुझको आंख दिखाती है।
कभी प्यार से कभी झगड़ कर,
भैया का हिस्सा खाती है।।
पापा कहते सब बच्चों में,
बिटिया लगती मुझको प्यारी।
बहुत गर्व है मुझको इस पर,
इसकी बातें सबसे न्यारी।।
रोज सबेरे मुझसे कहती,
पापा मेरी गुल्लक खुलवाओ।
उसमें पैसे और मिलाकर
अच्छी सी बंदूक मंगाओ।।
सुबह-शाम टीवी पर सुनती,
सिंदूरी मान बढ़ाऊंगी।
फौजी पापा की बेटी हूं,
सीमा पर लड़ने जाऊंगी।।
बहुत खुशी है मुझको बिटिया,
सपना साकार कराऊंगा।
अभी बड़ी हो जाओ लाड़ो,
तुमको कप्तान बनाऊंगा।।

## रंग भरो-177

**रंग भरो-177** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





श्याम, धमतरी



वसनि, रायपुर



सानवी, अंबिकापुर



रितेश, मटियारी



मिष्ठी, महासमुंद



डिंपल, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, आतिया-बहादुरगढ़, अंकित-धमतरी, अथर्व-बिलासपुर, डॉली-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, रुपाली-दिल्ली, ट्विंकल-महेंद्रगढ़, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा

## रंग भरो 178

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में भाई-बहन फादर्स डे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस प्यारे से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



तुम्हारे लिए किताब / सुधा श्रीवास्तव

# जीवन पथ-प्रदर्शित करती कहानियां




फादर्स-डे के आस-पास पापा से जुड़ी कोई कहानी मिल जाए तो तुम झटपट पढ़ डालोगे। असल में हर बच्चा अपने पापा से भावनात्मक रूप से बहुत जुड़ा होता है। पापा की सीखें, जीवन में पथ-प्रदर्शक का काम करती हैं, बाधाओं को दूर करती हैं, खुशियों से भरती हैं। इंदिरा त्रिवेदी का कहानी संग्रह 'पापा ने सही कहा था' की शीर्षक कहानी पढ़ते समय यही महसूस होता है। कहानी में मिनी परीक्षा नहीं देना चाहती है, क्योंकि उसने सही ढंग से तैयारी नहीं की है। लेकिन उसके पापा प्यार से समझाते हैं, 'तो क्या हुआ बेटा, क्लास में तुमने जो कुछ भी सुना-समझा हो, जो भी जानकारी हो, परीक्षा में आए प्रश्नों के उत्तर अपनी भाषा में लिख देना।' पापा को विश्वास है, मिनी होशियार है, प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखेगी और अच्छे अंक लाएगी। होता भी यही है। मिनी को समझ में आ जाता है कि बड़े लोग अपने जीवन अनुभव के आधार पर जो कहते हैं, सही कहते हैं। यह भी सही है कि कोशिश करने वाले असफल नहीं होते। इस संग्रह में कुल बारह कहानियां हैं। इन कहानियों में पैरेंट्स, बच्चों को जीवन की जरूरी सीख ही नहीं देते, उन्हें संस्कारवान भी बनाते हैं। संग्रह की कहानियां पढ़ते समय बच्चो, तुम्हें लगेगा, ये तुम्हारे आस-पास की अपनी कहानियां हैं। *

***किताब** : पापा ने सही कहा था, **लेखिका** : इंदिरा त्रिवेदी, **मूल्य**: 200 रुपए, **प्रकाशक** : भव्या पब्लिकेशन, भोपाल*

## खबर संक्षेप

### मोटरसाइकिल सवार गांजे सहित गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की एबीवीटी टीम ने खेड़ी बरकी-जुगलान रोड से मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को काबू किया है। पुलिस ने उनसे 9 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपितों की पहचान बीड़ बबरान निवासी इंद्र सिंह और बोस्ती गांव निवासी रामदास के रूप में हुई है।

### 3.40 ग्राम हेरोइन सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की नशा निरोधक ने शहर के शांति नगर से एक व्यक्ति को काबू करके 3.40 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उप निरीक्षक इंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम के गश्त के दौरान सूचना के आधार पर शांति नगर से एक व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम शांति नगर निवासी अरमान बताया। तलाशी लेने पर अरमान के कब्जे से एक पॉलिथीन की थैली में 3.40 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके उस पर केस दर्ज कर लिया है।

### जमीन को लेकर हुआ झगड़ा, चार घायल

**आदमपुर।** गांव भाणा में जमीन को लेकर हुए लड़ाई-झगड़े में दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। आदमपुर पुलिस ने घायल के ब्यान पर गांव के ही नौ लोगों को नामजद करते हुए पांच अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए ब्यान में घायल 30 वर्षीय भाल सिंह ने बताया कि वे खेत में ढाणी बनाकर रहते है। बुधवार दोपहर को वह अपने भाई राजेश, भाभी मिनाक्षी व पत्नी पूजा के साथ खेत में काम कर रहे थे। गांव के ही रामचन्द्र, सुभाष, प्रेम, अजय, रवि, सुमन, अमन, सलवंती, सोनु व 5 अन्य आए और मुश्तरका खाते का खाल तोड़ने लगे।

### शिविर में एसडीएम ने सुनीं जन समस्याएं

**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में गांव प्रेम नगर के लोगों द्वारा गांव के बीच से गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों की समस्या पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम राजेश खोथ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह ओवरलोडिंग वाहनों के चालान काटना सुनिश्चित करें।

### रणबीर लोहान आप के प्रदेश उपाध्यक्ष बने

**नारनौंद।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता रणवीर लोहान को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस नियुक्ति पर उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मनीष सिसोदिया और प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता का आभार जताया। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुकेश लोहान, सुभाष लोहान, मनोज सिंधड़, देवीदयाल शर्मा, सुमेश, रामू गोयत, संदीप दलाल, प्रदीप खरब, धोला कापड़ों, अजीत लोहान इत्यादि विशेष तौर पर मौजूद थे।

### कांग्रेस की बैठक से कई नेताओं ने बनाई दूरी

**नारनौंद।** किसान रेस्ट हाउस में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग हुई जिसमें कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व द्वारा नियुक्त हिसार जिले के पर्यवेक्षक जगदीश चंद्र जांगड़ा पहुंचे यहां पर उन्होंने नारनौंद इकाई के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक कर जिला अध्यक्ष के चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की बैठक में आगामी संगठनात्मक ढांचे, स्थानीय कार्यकर्ताओं की भूमिका व क्षेत्रीय संतुलन जैसे अहम बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक से काफी स्थानीय नेताओं ने दूरी बनाई। जिला ऑब्जर्वर जगदीश चंद्र जांगड़ा ने कहा कि पार्टी जिला स्तर को मजबूत करेगी। नए जिला अध्यक्ष की नियुक्ति से कांग्रेस को नई ऊर्जा व दिशा मिलेगी। जो भी कार्यकर्ता आवेदन करना चाहे तो वह निर्धारित योग्यताओं पर खरा उतरता हो।

---

केंद्र सरकार के विकासात्मक स्वरूप को दर्शाएगी प्रदर्शनी

# कैबिनेट मंत्री ने जिलास्तरीय प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

देश आज आत्मनिर्भरता की दिशा में दृढ़ संकल्पित होकर आगे बढ़ रहा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा जिले के लघु सचिवालय परिसर में लगाई गई जिला स्तरीय प्रदर्शनी का वीरवार को कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने शुभारंभ किया। यह प्रदर्शनी केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत के अमृत काल के तहत सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाई गई योजनाओं व नीतियों की जानकारी इस प्रदर्शनी में उल्लेखित किया गया है। प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा द्वारा की गई। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। देश आज आत्मनिर्भरता की दिशा में दृढ़ संकल्पित होकर आगे बढ़ रहा है और वैश्विक मंच पर एक निर्णायक शक्ति के रूप में उभरा है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सीमा सुरक्षा के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और हथियार प्रणालियों को आधुनिक बनाया गया है। डिजिटल इंडिया अभियान की चर्चा करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि देश अब तकनीकी क्रांति की राह पर अग्रसर है। आज गांव-गांव में इंटरनेट सुविधा है, डिजिटल लेन-देन सामान्य व्यवहार बन चुका है और सरकारी सेवाएं नागरिकों की उंगलियों पर उपलब्ध हैं। आधार, डिजिलॉकर और उमंग जैसे प्लेटफॉर्म नागरिकों को डिजिटल सशक्तता प्रदान कर रहे हैं।



**हिसार।** सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गई जिला स्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा।

#### उपलब्धियों व योजनाओं की जानकारी होगी साझा

उपनिदेशक व डीआईपीआरओ सुरेन्द्र सैनी बताया कि जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में प्रदेश के सभी जिलों में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल व महानिदेशक के.एम.पांडुरंग के निर्देशों की अनुपालना करते हुए जिला स्तरीय प्रदर्शनी के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को केंद्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियों व योजनाओं की जानकारी साझा की जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, सुनीता रेड्डू, भाजपा जिला महामंत्री आशीष जोशी, पार्षद सुमन यादव, पूर्व पार्षद पिंकी शर्मा उपस्थित रहे।

---

# जीवन को सुगम बनता है योग

- दयानंद कॉलेज में योग कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

उच्चत्तर शिक्षा निदेशालय हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार दयानंद महाविद्यालय की एनसीसी आर्मी एवं एयर विंग के संयुक्त तत्वाधान में दयानंद महाविद्यालय खेल प्रांगण में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि योग शारीरिक व्याधियों के उपचार के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता भी बढ़ाता है। नियमित योग करने से मानसिक शांति और एकाग्रता बढ़ती है और जीवन सुगम बनता है। इस अवसर पर कैडेट्स ने एनसीसी अधिकारियों लेफ्टिनेंट डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. आदित्य कुमार और डॉ. मंजू शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार से योग क्रियाएं की, जिसमें सूर्य नमस्कार, अलोम-विलोम, ओम साधना और प्राणायाम मुख्य थे। कार्यक्रम में काफी संख्या में आर्मी व एयर विंग के कैडेट्स ने अपनी भागीदारी दी।



**हिसार।** कार्यक्रम में योग करते एनसीसी आर्मी व एयर विंग के कैडेट्स।

# गैर कॉर्पोरेट संस्थाओं के वित्तीय विवरण पर सेमिनार कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



- सेमिनार में सीए संगम अग्रवाल व सीएस संतोष पांडे मुख्य वक्ता होंगे

चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा 14 जून को गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। गैर कॉर्पोरेट संस्थाओं के वित्तीय विवरण का प्रारूप और फास्ट ट्रैक विलय पर आधारित यह सेमिनार प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगा और इसमें विभिन्न सत्र रहेंगे।

एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि यह सेमिनार नॉन कॉर्पोरेट संस्थाओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगा और इसमें काफी कुछ नया समझने का अवसर मिलेगा। सेमिनार में सीए संगम अग्रवाल व सीएस संतोष पांडे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे और गैर कॉर्पोरेट संस्थाओं के वित्तीय विवरण का प्रारूप और फास्ट ट्रैक विलय के संबंध में विस्तार से जानकारी देंगे।

### निःशुल्क शिविर में 21 लोगों के ऑपरेशन होंगे

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में माई ढाणी एनटी 3 रिजॉर्ट व मोहन फोरव्हीलर प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने 60 लोगों की निशुल्क नेत्र जांच करके उचित परामर्श दिया और यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की गई। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि नेत्र जांच के दौरान जिन लोगों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनका फ्री नेत्र ऑपरेशन दिव्यांग केंद्र के आधुनिक ऑपरेशन थियेटर में किया जाएगा।

---

# एडीसी ने सुनीं जन शिकायतें

- शिकायतकर्ता को समाधान की जानकारी दी जाए : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने गुरुवार को लघु सचिवालय के जिला सभागार में लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में जमीन संबंधी विवाद, पेंशन, राशन कार्ड, जल निकासी, सडक़ मरम्मत, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित कई विषयों पर नागरिकों की समस्याएं दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की यह एक अनूठी पहल है कि जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और शिकायतकर्ता को समाधान की जानकारी भी समय रहते दी जाए। इस अवसर पर एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, एएमसी प्रदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



**हिसार।** समाधान शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा। *फोटो : हरिभूमि*

# कौशल विकास से ही बनेगा टिकाऊ भविष्य

- गांव माजरा प्याऊ आईटीआई में कौशल विकास पर सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

गांव माजरा प्याऊ स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कौशल विकास पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना बाल सलाह परामर्श व कल्याण केन्द्र के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने शिरकत की। अपने संबोधन में अनिल मलिक ने कि कौशल विकास एक सतत प्रक्रिया है, जो किसी भी व्यक्ति की रुचि, आदत, योग्यता, क्षमता और जुनून पर आधारित होती है। उन्होंने कहा कि अगर युवाओं को सही दिशा में प्रशिक्षित किया जाए, तो वे न केवल अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि समाज के निर्माण में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। युवाओं की आवाज और कौशल विकास से ही टिकाऊ भविष्य बनेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि लैंगिक संवेदनशीलता को अपनाकर युवाओं को समान अवसर मिलना चाहिए ताकि वे सक्रिय रूप से समाज के विकास में योगदान दे सकें। मलिक ने युवाओं से तकनीकी कौशल के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच विकसित करने का आह्वान किया।



**नारनौंद।** सेमिनार में छात्रों को संबोधित करते मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रिंसिपल रमेश यादव ने की। उन्होंने कहा कि यह सेमिनार न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि युवा प्रशिक्षुओं के भीतर नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार भी हुआ। इस मौके पर सुपरवाइजर धर्मबीर, रमेश, राकेश सिवाच सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

# आर्य वीर दल चरित्र निर्माण शिविर सम्पन्न

- बच्चों ने तरह-तरह के रोमांचकारी करतब दिखाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अग्निदेव भीष्म योगाश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में निकटवर्ती गांव मिर्जापुर में सार्वदेशिक आर्यवीर दल का चरित्र निर्माण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के संचालक जय भारत शास्त्री तथा ट्रस्ट की टीम के सदस्य संतलाल आर्य, सुभाष आर्य, यशवीर भादरा, डॉ. सीताराम सैनी, मनोहरलाल बिंदल, बनीसिंह जांगड़ा की ओर से आयोजित शिविर में युवाओं को योगासन, प्राणायाम, सर्वांग सुंदर व्यायाम, दंड बैठक, लाठी, जूडो-कराटे, सैनिक शिक्षा, आत्म सुरक्षा के दाव, अनुशासन बौद्धिक, संध्या-हवन, सांस्कृतिक रक्षा, धर्म, नशा मुक्ति, माता पिता की सेवा करने, देश भक्ति की शिक्षा का प्रशिक्षण कनिष्क आर्य सोनीपत और अनिल आर्य कुरुक्षेत्र द्वारा दिया गया। मिर्जापुर से लगते विभिन्न गांवों के बच्चे इस शिविर में आये हुए थे। इन बच्चों ने तरह-तरह के रोमांचकारी करतब दिखाए। मुख्य अतिथि उद्योगपति सेठ राकेश बंसल की ओर से प्रशिक्षणार्थियों को इनाम व प्रमाण पत्र बांटे गये। मंच का कुशल संचालन दयानंद ब्रह्म महाविद्यालय हिसार के प्राचार्य डॉ. प्रमोद योगार्थी ने किया। इस अवसर पर डॉ. कृष्ण कुमार जांगड़ा, मेवा सिंह, साधुराम सरपंच मिर्जापुर, पूर्व सरपंच कृष्ण पाना महराणा, मास्टर जगदीश, राजबीर फौजी, जयप्रकाश, ईश्वर, राजमल फौजी, राजपाल न्याणा, राममेहर घिराय आदि मौजूद रहे।



**हिसार।** चरित्र निर्माण प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते युवा। *फोटो : हरिभूमि*

# एसपी-एसडीएम ने किया निरीक्षण

- पंचायत उपचुनाव को लेकर एसपी पहुंचे कंवारी गांव में

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

उपमंडल के गांव कंवारी गांव में 15 जून को होने वाले पंचायत उपचुनाव के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाए रखने व निष्पक्ष, शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन व एसडीएम राजेश खोथ ने गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों, गांव के प्रमुख चौक चौराहों व संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की।

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने इस दौरान पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव में शांति व्यवस्था व अमन चैन बनाए रखने के लिए निरंतर गश्त जारी रखें, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की स्थिति में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि किसी को भी चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने नहीं दिया जाएगा और जिला पुलिस निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। एसपी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे शांति, सौहार्द व भाईचारे के साथ मतदान करें और किसी भी अफवाह या भड़काऊ बयानबाज़ी से बचें। इस अवसर पर डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।



**हांसी।** कंवारी गांव में मतदान केंद्र का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन उनके साथ हैं एसडीएम राजेश खोथ। *फोटो : हरिभूमि*

---

### किराए पर मिलेंगी विभागीय डीएसआर मशीनें : उप निदेशक

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा धान की सीधी बिजाई को बढ़ावा देने के लिए किसानों को डीएसआर (डायरेक्ट सीडिंग ऑफ राइस) मशीनें किराए पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं। विभाग के पास उपलब्ध दो डीएसआर मशीनें किसानों को मात्र 115 रुपये प्रति एकड़ की दर से किराए पर दी जाएंगी। यह जानकारी देते हुए कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ राजबीर सिंह ने बताया कि इस सुविधा का लाभ लेने के लिए किसानों को पहले बैंक में चालान जमा कराना होगा। मशीन बुकिंग पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर की जाएगी तथा किसान को मशीन विभागीय कार्यालय से स्वयं लेनी होगी।

पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

# जनता के नजदीक जाएं और मुस्कराएं: एसपी

- पुलिस अधीक्षक ने अपराध गोष्ठी आयोजित करके दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा है कि स्पेशल अभियान के दौरान खुले में शराब पीने वालों, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों, बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे की आवाज निकालने वाले और डीजे बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इन मामलों में सख्त कार्रवाई करे और पुलिस व जनता के बीच समन्वय भी स्थापित करें।

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन गुरुवार को पुलिस लाइन आधिकारिक मेस में अपराध समीक्षा गोष्ठी में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इसमें सभी पुलिस उप अधीक्षक, थाना प्रबंधक, चौकी व अपराध यूनिट प्रभारी, आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी, प्रवाचक पुलिस अधीक्षक शामिल रहे।



**हिसार।** अपराध गोष्ठी को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन।

#### प्रभावी पैदल गश्त के दिए निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी थाना और चौकी प्रभारी पैदल गश्त का समय व क्षेत्र तय करें। संवेदनशील स्थानों जैसे भीड़भाड़ वाले बाजार, स्कूल, धार्मिक स्थल, बैंक, एटीम स्थल आदि को प्राथमिकता दें। गश्त का समय अनियमित रखें। उन्होंने कहा कि गश्त के दौरान स्थानीय, दुकानदारों, निवासियों, सुरक्षा गार्ड आदि से बातचीत करें। उनकी शिकायतें और सुझाव ध्यानपूर्वक सुनें। पुराने अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखें, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करें, अंधेरे या सुनसान स्थानों की विशेष जांच करें, लोगों में विश्वास जगाए,। मुस्कराकर संवाद करें, वर्दी की गरिमा बनाए रखें व कानून का पालन कराते हुए विनम्रता भी रखें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों पर कार्रवाई कर रही है। इसके उपरांत भी कुछ वाहन चालक शराब पीकर वाहन चला रहे हैं, जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। सभी थाना और चौकी प्रभारी अपने अपने इलाके में ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाएं, विशेषकर रात्रिकालीन घंटों में। अल्कोहल डिटेक्टर की सहायता से संदेहास्पद चालकों की जांच की जाए, पकड़े गए चालकों के विरुद्ध चालान, न्यायालयीन कार्रवाई एवं ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी अपनाई जाएं।

### नगर निगम टीम ने पांच दुकानदारों के काटे चालान

**हिसार।** सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर नगर निगम प्रशासन की ओर से विशेष चेकिंग अभियान लगातार जारी है। गुरुवार को चेकिंग के दौरान स्वच्छता शाखा की टीम ने ओल्ड कोर्ट कॉम्पलैक्स नजदीक टैक्सी स्टैंड, राजगढ़ रोड और रेड स्क्वेयर मार्केट के आस-पास के क्षेत्र में 17 दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने 5 दुकानदारों के सिंगल यूज प्लास्टिक के 2500 रुपये के चालान किए। इस दौरान टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने के बारे में जानकारी दी तथा टीम ने दुकानदारों व आमजन को बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक हैं। निगमायुक्त नीरज ने दुकानदारों से अपील की कि वे 120 माइक्रोन से कम के पॉली बैग का प्रयोग न करें।

## खबर संक्षेप

### ओशो ध्यान उपवन में ध्यान शिविर कल से

**हिसार।** मानवता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध ओशो ध्यान उपवन में 14 व 15 जून को आत्म-सम्मोहन की कला पर आधारित दो दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर आत्मविश्वास बढ़ाने और तनाव व चिंता को दूर करने में सहायक सिद्ध होगा। सकारात्मक सोच, बेहतर नींद और मानसिक शांति के लिए भी यह प्रभावी उपाय है। शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि आत्म-सम्मोहन की कला पर आधारित दो दिवसीय ध्यान शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से साधक हिस्सा लेंगे।

### श्रमिकों को नशे के दुष्प्रभावों बारे में बताया

**हिसार।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गांव सिंघवा राघो में मनरेगा योजना के तहत कार्यरत श्रमिकों के बीच नशे के दुष्प्रभावों को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकना और जमीनी स्तर पर श्रमिक वर्ग को इसके खतरों के प्रति सजग करना रहा। कार्यक्रम का संचालन सिविल अस्पताल हिसार में कार्यरत सुकून काउंसलर एवं नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वॉलंटियर राहुल शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर अवसर पर सभी उपस्थित श्रमिकों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर गांव सिंघवा राघो के मनरेगा मैट राजकुमार, प्रदीप, अनिल सहित 100 से अधिक मनरेगा श्रमिक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई को

**हिसार।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि इस वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को हिसार जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा। इस लोक अदालत का उद्देश्य अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से त्वरित व स्थायी समाधान करना है। इसमें विशेष रूप से ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना दावे, पारिवारिक विवाद, दीवानी मामले, जमानती फौजदारी केस, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिल संबंधी विवाद, राजस्व मामले और अन्य छोटे-मोटे वादों का निपटारा किया जाएगा।

### दुकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने पेंट की दुकान से पेंट चोरी करने वाले आरोपी नंद नगर निवासी रवि को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिनों पहले गैस एजेंसी रोड़ स्थित गर्ग अस्पताल के पास से दुकान में से पेंट चोरी कर लिया था। थाना शहर हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### अवैध देसी शराब की 48 बोतल के साथ एक काबू

हांसी। स्पेशल स्टाफ पुलिस ने देसी शराब की 48 बोतल के साथ प्रेम नगर निवासी विशाल को गिरफ्तार किया है। स्पेशल स्टाफ पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान प्रेम नगर फ्लाईओवर के नजदीक एक व्यक्ति को अवैध देसी शराब की 48 बोतल के साथ गिरफ्तार कर पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ शहर थाना में शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अवैध शराब को कब्जा में ले लिया।

### शहीद रामप्रसाद बिस्मिल का जन्मदिवस मनाया

**हांसी।** शहीद भगत सिंह संगठन समिति ने बृहस्पतिवार को बजरंग आश्रम में अमर क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल का 128वां जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में हरबंस नागपाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर सन्नी नायक, महिला प्रधान शमां मल्होत्रा, हंसराज खेत्रपाल, हरबंस नागपाल, रामस्वरूप खट्टर, राजकुमार जेई, हमेश खुराना, जगत सिंह, साहिल, देसराज सोनी, पार्थ इलावादी आदि रहे।

---

### नलवा विधायक रणधीर पनिहार ने दिया जल्द समाधान का आश्वासन

# करोड़ों खर्च होने के बावजूद भी प्यासा रह गया किरतान गांव

**जनस्वास्थ्य विभाग ने बनाया गलत डिजाइन जिसके चलते ग्रामीणों को पानी की किल्लत से आज तक जूझना पड़ रहा है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** मौका देखने पहुंचे विधायक रणधीर पनिहार को समस्या से अवगत कराते ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

जिले के किरतान गांव में जनस्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का अजीबोगरीब मामला सामने आया है। विभाग ने गांव में पीने के पानी की समस्या का समाधान करने पर करोड़ों रुपये खर्च दिए इसके बावजूद समस्या दूर होने की बजाय ज्यादा बढ़ गई है। बीते एक साल गांव के टैंक तक नहर से पानी नहीं पहुंच रहा है जिस कारण से जलघर के टैंक खाली पड़े हैं। मजबूरीवश ग्रामीणों में एक हजार में पानी का टैंकर खरीदकर काम चलाना पड़ रहा है। विभाग के अधिकारी खुद मान रहे हैं कि गांव के जलघर के टैंक तक पानी पहुंचाने के लिए डाली गई पाइपलाइन और पंपिंग मोटर क्षमता से छोटी लग गई है जिस कारण से पर्याप्त मात्रा में टैंक तक पानी नहीं पहुंच रहा है। गुरुवार को हलके के विधायक रणधीर पनिहार किरतान गांव में पहुंचे और पूरी समस्या को समझकर दोबारा से एस्टीमेट बनाने का ऑर्डर दिया है।

#### 2 दशक से समस्या झेल रहा है गांव

ग्रामीण विकास रेपसवाल ने बताया कि उनके गांव ने 2007 में जलघर बनाया गया था। गांव में जलघर बनने के बाद से न तो आज तक टैंक भरें हैं और ना उनके घर पीने का पानी आया है। ग्रामीण दयानंद के अनुसार पहले जलघर में कबीर माइनर से पानी आता था लेकिन उस इनलेट चैनल का लेवल गलत था जिस कारण जलघर तक कभी पानी नहीं पहुंचा। विभाग ने इस इनलेट चैनल को ठीक करने के लिए 3 बार एस्टीमेट बनाया और पाइप उखाड़े और दबा दिए। ना तो विभाग से इनलेट चैनल का लेवल ठीक हुआ ना पानी आया। आखिर में विभाग ने उस इनलेट चैनल को बंद कर दिया।

#### विभाग समस्या दूर करने की बजाय दे रहा सिर्फ आश्वासन

ग्रामीण मुकेश खारड़िया ने बताया कि विभाग ने पुराने चैनल को लेवल खराब होने पर बंद कर दिया और उसके बाद चौधरी माइनर से नया पंपिंग सिस्टम हेड पर लगाया गया जिस पर कई करोड़ रुपए खर्च हुए। अब ये पंप हाउस शुरू होने के बाद भी जलघर तक पानी नहीं पहुंच रहा। अब विभाग के अफसरों का कहना है कि गलत एस्टीमेट बन गया था जिस कारण पाइपें और मोटर छोटी लग गई हैं। अब विभाग समस्या दूर करने की बजाय सिर्फ आश्वासन दे रहा है। ग्रामीण रोहताश लुहानीवाल ने बताया कि सरकार उनके गांव में पीने के पानी पर करोड़ों रुपये खर्च कर चुकी है लेकिन ग्रामीणों को अब भी पानी मोल खरीदकर पीना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरी गड़बड़ विभाग के अफसरों और इंजीनियर्स के कारण हो रही है। न तो इनसे लेवल ठीक हो रहा है और न इनसे पाइप और मोटर की सही गणना हो रही है।

---

## पीडब्ल्यूडी विभाग के रिकॉर्ड रूम में लगी आग, सारा रिकॉर्ड स्वाह



**हिसार।** रिकार्ड रूम जहां पर आग लगी। *फोटो :हरिभूमि*

- टेंडर की कॉपियां, जरूरी बिल और एनआईटी रिकॉर्ड सहित जरूरी नक्शे और कागजात थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लोक निर्माण विश्राम गृह में आग लगने से वहां रखा सामान जल गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। लोक निर्माण विश्राम गृह में ही विभाग की पी-3 विंग का ऑफिस चल रहा है, जिसके प्रभारी कार्यकारी अभियंता सचिन भाटी है।

आग लगने की सूचना पाकर फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यह आग विश्राम गृह के रिकॉर्ड रूम में लगी है, जिसमें विभाग के जरूरी दस्तावेज थे। इसमें निर्माण कार्यों से जुड़े टेंडर की कॉपियां, जरूरी बिल और एनआईटी रिकॉर्ड सहित कई जरूरी नक्शे और कागजात थे, जो लगभग सारा जल गया। आग लगने की सूचना पाकर कार्यकारी अभियंता सचिन भाटी मौके पर पहुंचे और रिकॉर्ड रूम से निकाले गए सामान को संभालने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पूरे दस्तावेज चैक करने के बाद ही पता चल सकेगा कि क्या क्या जरूरी सामान जला है। रिकॉर्ड रूम में आग इतनी भयंकर थी कि उसमें रखे चार कम्प्यूटर, कुर्सियां, मेज, अलमारी, हाई ड्राइव सहित कई जरूरी दस्तावेज पूरी तरह जल गए। बताया जा रहा है कि आग लगने के दौरान स्टाफ साथ वाले कमरों में काम करता रहा। शॉर्ट सर्किट होने पर पहले बिजली वाले मिस्त्री को बुलाया गया, मगर आग एकदम भड़क गई। बताया जा रहा है कि बीएंडआर ने जिस कमरे में रिकॉर्ड रखा हुआ था उसी कमरे में बिजली की पूरी वायरिंग के फ्यूज प्वांइट बनाए थे और वहीं इन्वर्टर की बैटरियां रखी हुई थी। इनके साथ ही पूरा रिकॉर्ड रखा हुआ था। जैसे ही शॉर्ट सर्किट से आग लगी तो वह दस्तावेज तक जा पहुंची और आग भड़क गई। फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया गया मगर आग पर काबू पाने से पहले ही सारा रिकॉर्ड जलकर राख हो गया।

---

## मोदी के नेतृत्व में देश विकसित बनने की ओर अग्रसर : भयाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



**हांसी।** पत्रकार वार्ता को संबोधित करते विधायक विनोद भयाना उनके साथ है भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व में 140 करोड़ भारतवासी देश को विकसित बनाने में जुटे हुए हैं। यह बात विधायक विनोद भयाना ने बृहस्पतिवार को एक निजी प्रतिष्ठान में पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सफलतापूर्वक 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस समय अवधि में देश ने विकास के मामले में एक नई उड़ान भरी है। हर वर्ग के लोगों का उत्थान हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में केवल गरीबी हटाने के मात्र नारे दिए जाते थे लेकिन मोदी सरकार में 27 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके है। उन्होंने कहा कि जनकल्याण के लिए केंद्र सरकार ने अनेक योजनाएं लागू की है। जिनका फायदा समाज के हर तबके के लोगों को मिला है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन, युवा नेता संजीव गंगवा, भाजपा प्रदेश महामंत्री धर्मवीर रतेरिया, भाजपा नेता राज्यपाल यादव, साहिल भयाना, दिनेश भुटानी, रणधीर सिंह धीरू, तनुज खुराना, विजय देपल, कर्मपाल यादव आदि रहे।

## मेयर ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



प्रवीण पोपली, मेयर

मेयर प्रवीण पोपली ने हिसार से चंडीगढ़ को सीधे रेल मार्ग से जोड़ने के लिए रेल मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा। पत्र के माध्यम से उकलाना से नरवाना के बीच लगभग 31 किलोमीटर की नई रेल लाइन निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा है। इससे हिसार से चंडीगढ़ की बीच सीधी रेल सेवा शुरू हो सके। इसके अलावा हिसार से नई दिल्ली वंदे भारत/शताब्दी सेवा शुरू करने के बारे में भी प्रस्ताव भेजा है। मेयर प्रवीण पोपली ने बताया कि हिसार एवं इसके आस-पास के लाखों नागारिकों की यात्रा सुविधा और क्षेत्र को विकास से जोड़ने को लेकर क्षेत्र वासियों से प्राप्त मांग को रेल मंत्री तक पहुंचाया गया है। पत्र के माध्यम से मेयर प्रवीण पोपली ने मांग की है कि हिसार से उकलाना, नरवाना से चंडीगढ़ तक रेल मार्ग पहले से मौजूद है। लेकिन उकलाना से नरवाना तक कोई भी सीधी रेल लाइन नहीं है। जिसकी बीच की दूरी 31 किलोमीटर है यहां नई रेल लाईन का निर्माण किया जाए जिससे हिसार को सीधे चंडीगढ़ से जोड़ा जा सकता है।

## सुल्तानपुर की टीम ने फुटबॉल और ढंढेरी ने जीती खो-खो प्रतियोगिता



**हांसी।** विजेता खिलाड़ियों व ग्रामीणों के साथ इंस्पेक्टर नरेंद्र पाल सिंह।

- नशा मुक्ति अभियान के दौरान पुलिस ने सुल्तानपुर गांव में करवाई फुटबॉल व खो-खो प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के दौरान सोमवार गांव मसूदपुर में फुटबॉल व खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना है।

हांसी पुलिस नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक नरेंद्र पाल ने बताया कि फुटबॉल प्रतियोगिता में ढंढेरी, रामायण, देपल, उमरा, सुल्तानपुर व लाडवा गांव की टीमों ने भाग लिया। खो-खो प्रतियोगिता में गांव ढंढेरी और सुल्तानपुर की टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल रामायण व सुल्तानपुर के बीच हुआ, जिसमें सुल्तानपुर की टीम ने रामायण गांव की टीम पर 7-6 से हराकर जीत दर्ज की।

## योग दिवस के उपलक्ष्य पर गुजवि में योग कक्षाओं का शुभारंभ

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में योग विज्ञान विभाग के सौजन्य से विगत वर्षों की भांति 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर योग कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। इस दस दिवसीय योग शिविर में विभिन्न योग गतिविधियां संचालित की जाएगी तथा अनेक बीमारियों के समाधान हेतु योगासन की भी जानकारी दी जाएगी। विभागाध्यक्षा प्रो. शबनम जोशी ने प्रतिभागियों को योग के महत्व के बारे में बताया। इस योग दिवस के उपलक्ष में दस दिवसीय योग कक्षाओं में शिक्षक, गैरशिक्षक कर्मचारी व विद्यार्थी भाग ले रहे हैं तथा योग कक्षाओं का लाभ उठा रहे हैं। विभाग के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि विभाग में दो पाठ्यक्रम इंटीग्रेटेड बीएससी ऑनर्स/अनुसंधान के साथ ऑनर्स एमएससी योग विज्ञान एवं चिकित्सा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर डॉ. सत्या सावंत, प्रो. सुजाता सांघी, डा. सुमन बहमनी व डा. प्रज्ञा कौशिक, आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन योगाचार्य मानव कुमार ने किया। इस अवसर पर शुक्रवार को डा. सत्या सावंत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होंगी तथा योग के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी देंगी।

## स्वामित्व योजना के लाभार्थी को मेयर ने पंचकूला समारोह के लिए किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** लाभार्थियों को रवाना करते मेयर प्रवीण पोपली। *फोटो :हरिभूमि*

हरियाणा सरकार की स्वामित्व योजना फायदा लेकर मालिकाना हक लेने वाले प्रॉपर्टी मालिको को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला में सम्मानित करेगे। हिसार जिले से कुल 137 में से 12 लाभार्थियों को पंचकूला में गए है। इनको मेयर प्रवीण पोपली ने हरी झंडी दिखाकर नगर निगम हिसार कार्यालय से रवाना किया। इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य रवि सैनी, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल मानी सैनी, निगम सचिव राहुल सैनी, भूमि अधिकारी प्रवीण बेनीवाल सहित लाभार्थी मौजूद रहे। इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि यह हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसमें पूरे हरियाणा से लाखों लाभार्थियों को इसका लाभ मिला है वहीं हिसार क्षेत्र से अब तक 137 लाभार्थियों को इसका लाभ प्राप्त हुआ है। नोडल अधिकारी संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह के दिशा-निर्देश पर सहायक नोडल अधिकारी सचिव राहुल सैनी सहित लाभ पाने वाले 12 लाभार्थियों पंचकूला समारोह के लिए रवाना हुए। बता दें कि स्वामित्व योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र में 20 वर्षों से अधिक समय से नगर निगम की दुकानों में रह रहे किरायेदारों का मालिकाना हक दिया जा रहा है।

## वनवासी कल्याण आश्रम के छात्रों का स्वागत व सांस्कृतिक कार्यक्रम 15 को

- हरियाणवी, पंजाबी व जनजातीय संस्कृति से रूबरू करवाएंगे वनवासी कल्याण आश्रम के छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यक्रम के पत्रक का विमोचन करते पदाधिकारी।

देशभर के वनवासी बंधुओं के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित संस्था वनवासी कल्याण आश्रम की हिसार इकाई द्वारा वनवासी छात्रों का स्वागत व भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में 15 जून को सायं को शुरू होने वाले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्वोत्तर के छात्रों का न केवल भव्य स्वागत होगा बल्कि दर्शकों को पूर्वोत्तर राज्यों की संस्कृति देखने का अवसर भी मिलेगा।

वनवासी कल्याण आश्रम के प्रदेशाध्यक्ष रामबाबू सिंगल, प्रदेश सचिव रामनिवास अग्रवाल सीए व जिला अध्यक्ष संजीव अरोड़ा ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि भिवानी में स्थित वनवासी कल्याण आश्रम के छात्रावास में अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा, आसाम, मेघालय व जम्मू के विद्यार्थी शिक्षार्जन करते हुए देशभक्ति के संस्कार ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी छात्रों को हरियाणा भ्रमण करवाया जा रहा है।

## ऑवर्स हॉस्पिटल ने गांव शाहपुर में लगाया निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करती ऑवर्स हॉस्पिटल की टीम। *फोटो :हरिभूमि*

ऑवर्स मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से गुरुवार को गांव शाहपुर के पंचायत भवन में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में निःशुल्क ओपीडी, फ्री दवाइयाँ, एक जांच मुफ्त और अन्य सभी टेस्टों पर 30 फीसद तक की छूट दी गई। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, ईसीजी, किडनी से जुड़ी जांचें एवं अन्य सामान्य टेस्ट किए गए।

इस शिविर में ऑवर्स हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सक डायरेक्टर डॉ. संगीता गौर, जनरल सर्जन डॉ. पी. के. गोयल, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव सिंघल, डॉ. सौरव व उनकी टीम द्वारा ग्रामीणों की जांच की गई। कार्यक्रम की स्थानीय व्यवस्थाओं में गांव के सरपंच डॉ. रामकुमार और डॉ. सतबीर, रणधीर प्रधान का विशेष सहयोग रहा। ऑवर्स हॉस्पिटल प्रबंधन ने जानकारी दी कि भविष्य में भी ऐसे शिविर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। गांववासियों ने इस निःशुल्क सेवा के लिए हॉस्पिटल टीम का आभार व्यक्त किया और इसे एक उपयोगी एवं सराहनीय पहल बताया।

### किसान पुत्र ने गांव की मिट्टी से उठकर रचा इतिहास

## प्रेरणा का प्रतीक बना कालवास का विपुल

- जेईई एडवांस 2025 में हासिल की 3722वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जब गांव की धूल भरी गलियों से कोई किशोर सपना लेकर निकलता है और उस सपने को साकार करने के लिए खुद को तपाकर बड़ा करता है तो वह केवल अपना भाग्य नहीं बदलता, बल्कि पूरे गांव और समाज के सोचने का ढंग बदल देता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है जिले के कालवास गांव के होनहार छात्र विपुल लांबा ने। विपुल ने देश की सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में शुमार जेईई एडवांस 2025 में 3722वीं अखिल भारतीय रैंक और ईडब्ल्यूएस श्रेणी में 370वीं रैंक हासिल कर, अपनी मिट्टी, अपने माता-पिता और अपने गांव को गर्व से भर दिया है। यह महज एक परीक्षा उत्तीर्ण करने की कहानी नहीं है, यह उस गहरे आत्मविश्वास, अविरत परिश्रम और परिवार के त्याग की कहानी है, जो गांव की सीमाओं के बीच पनपता है, फिर राष्ट्रीय स्तर पर खिल उठता है। विपुल का जन्म एक किसान परिवार में हुआ। उनके पिता विनोद लांबा सीमित संसाधनों में खेत की मिट्टी में रोटी उपजाते रहे, और मां बिमला देवी ने पारिवारिक दुखों को छुपाकर बेटे के उज्ज्वल भविष्य का सपना सींचा। यह वही परिवार है जिसने पहले ही अपनी दो बेटियों को असमय खो दिया था। विपुल ही अब उनकी आशाओं का केन्द्र था।

इस सफलता पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के ग्रामीण विकास विभाग में सहायक प्राध्यापक डॉ. बलकार सिंह पूनिया ने कहा कि विपुल की सफलता इस बात की गवाही है कि भारत का भविष्य केवल शहरों में नहीं बसता। यदि गांवों में प्रतिभा को अवसर मिले, तो वही छात्र देश की उन्नति की दिशा तय कर सकते हैं।

#### बेटे की शिक्षा के लिए सब कुछ झोंक दिया

गांव के सरकारी स्कूल से दसवीं तक पढ़ाई कर चुके विपुल को कोटा भेजने का निर्णय उनके पिता के लिए सरल नहीं था लेकिन जब निर्णय लिया, तो फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने खेती करना छोड़ दी, ट्रैक्टर बेच दिया, पशु तक दूसरे के हवाले कर दिए ताकि बेटे के सपने किसी कमी के कारण अधूरे न रह जाएं। विपुल अब पूरे गांव की सांकेतिक प्रेरणा बन गया है।



छात्र विपुल लांबा